खुलासा ▶ शादी का दबाव बनाने पर वैलेंटाइन डे पर उतारा था मौत के घाट, तीन गिरफ्तार

# प्रेमी ही निकला प्रेमिका का कातिल

**नवभारत, जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत ननुसर में हुई युवती की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। कातिल कोई और नहीं बल्कि प्रेमी निकला। जिसने शादी का दबाव बनाने पर वेलेंटाइन डे पर प्रेमिका को मौत के घाट उतारा था। मामले में प्रेमी समेत तीन को पुलिस को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंधी हत्या का खुलासा बुधवार को पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने किया है।

विदित हो कि एम.एम. इंटरनेशनल स्कूल के पीछे ग्राम सिमरिया में रविवार को एक युवती का शव पड़ा मिला था। मामले की सूचना ग्राम कोटवार खेमलाल चड़ार 60 वर्ष निवासी ग्राम सिमरिया ने पुलिस को दी थी। मृतिका के सिर, गर्दन में चोट के निशान थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। ननुसर चौकी प्रभारी विपिन तिवारी ने मृतिका के हाथों में मेहंदी लग थी। जिसमें ईशू-तनू लिखा हुआ था। पुलिस ने गुमशुदगी रिकॉर्ड खंगालने के साथ मृतिका की शिनाख्त के लिए पुलिस ने आसपास के थानों को कन्ट्रोल रूम के जरिए मृतिका की फोटो और जानकारी शेयर की थी। जिसके बादपुलिस को सुराग लगा



और पुलिस आरोपित तक पहुंची।

### ऐसे हुई पहचान

एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर ने बताया कि युवती के परिजन तिलवारा थाना पहुंचे थे। तिलवारा पुलिस द्वारा युवती के गुमने की सूचना को गंभीरता से लिया जाकर तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त संबंध में अवगत कराया गया। मृतिका की फोटो परिजनों को दिखाए जाने पर परिजनों द्वारा मृतिका की पहचान अपनी बेटी तनु चक्रवर्ती 18 वर्ष 6 माह निवासी गढा के रूप में की गई।

### गला दबाने के बाद पत्थर से कुचला था सिर, चेहरा

एएसपी अंजना तिवारी ने बताया कि मृतिका के परिजनों द्वारा योगेश उर्फ ईशु गौंड पर संदेह जाहिर किया गया था। उन्होंने बताया था कि उक्त दोनों के बीच में पूर्व से प्रेम प्रसंग रहा है। ईशु कोअभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई , जिसने बताया कि तनु चक्रवर्ती उससे प्रेम करती थी और शादी करना चाहती थी, शादी के लिए बार बार उस पर दबाव बना रही थी लेकिन वह तनु चक्रवर्ती से शादी नहीं करना चाहता था। इसी लिए वैलेंटाइन डे पर उसने तनु चक्रवर्ती को मिलने बुलाया था। वह अपने 3 साथियों के साथ तनु चक्रवर्ती का इंतजार में था, स्कूल के पास तनु पुनः शादी की बात को विवाद हुआ तो उसने अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर तनु चक्रवर्ती का गला दबाकर एवं सिर चेहरे पर पत्थर पटककर हत्या कर दी । प्रकरण में आरोपी योगेश उर्फ ईशु गौंड के अन्य 2 साथी पंकज बर्मन एवं राजा उर्फ अंकित श्रीवास को भी पकड़ा गया जबकि एक फरार है।

# तीन गांजा तस्करों को पंद्रह-पंद्रह साल की सजा

▶ अदालत ने आरोपियों पर डेढ़-डेढ़ लाख का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश प्रवेंद्र कुमार सिंह की अदालत ने 889 किलो गांजा तस्करी के आरोपी कोइलवर सुरौंधा कालोनी आरा भोजपुर बिहार निवासी, अरुण कुमार शर्मा, रणजीत उर्फ रंजीत शर्मा और गंगा चौधरी का दोषी करार दिया है। अदालत ने तीनों आरोपियों को 15-15 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। इसके साथ ही डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जबकि मामले में दो अन्य आरोपियों भूपेंद्र सिंह उर्फ चुनचुन अकौरा बरहारा भोजपुर बिहार व ऋषि पांडे ग्राम इतरहा मैहर सतना को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया।

इस मामले में नारकोस्टिक्स कंट्रोल ब्यूरो इंदौर की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 16 नवंबर 2020 को नारकोस्टिक्स कंट्रोल ब्यूरो इंदौर ने सालीबाड़ा टोल प्लाजा,



जबलपुर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ट्रक क्रमांक-सीजी-07, सीडी-0462 में गांजा परिवहन किया जा रहा था। जिसके बाद प्रकरण दर्ज किया गया। दरअसल एनसीबीए इंदौर के अधिकारी राजेश कुमार यादव को 15 नवंबर 2020 को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर आरोपितों को पकड़ने टीम रवाना कर दी गई थी। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने उक्त सजा सुनाई।



# महाराजपुर में नाली एवं सड़क निर्माण का हुआ भूमि पूजन

▶ सैकड़ों परिवारों को मिलेगी राहत

**पनागर, नवभारत।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम वार्ड क्रमांक 75 महाराजपुर में नाली एवं सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद लक्ष्मी लक्ष्मण गोटियां द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस मौके पर ब्राह्मणों के मंत्र उच्चारण के बीच वार्ड की कन्याओं द्वारा भूमि पूजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना रहा।

ज्ञात हो कि इस मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य के पूर्ण होने से वार्ड के सैकड़ों परिवारों को बरसात के दिनों में जलभराव और पानी निकासी की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या के समाधान की दिशा में यह कार्य महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, कुंजीलाल गोटिया, लक्ष्मण गोटिया, संजय तिवारी, वी.के. खम्परिया, मिथिलेश तिवारी, अनिल पाठक, प्रदीप चौबे, रमेश गोटिया, अभिषेक यादव (शेकू), अवधेश नारायण सिंह ठाकुर, बाबू भाई, लालजी सेन, राजकुमार दुबे, मुकेश दुबे, प्रहलाद सिंह ठाकुर, साहू जी, मोहन यादव, श्रीमती पार्वती दुबे, सुमित सिंह सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने विकास कार्यों के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की।

# खजरी खिरिया में गूंजेगी कबीर वाणी की अमृत वर्षा

▶ संत रणजीत साहेब का रहेगा पावन सानिध्य

**पनागर, नवभारत।** खजरी खिरिया बाईपास स्थित ग्राम खजरी खिरिया में दो दिवसीय कबीर संतवाणी अमृत वर्षा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। आध्यात्मिक कार्यक्रम में कबीर पंथ के प्रसिद्ध संत संत रणजीत साहेब (खिलेश्वरी कबीर आश्रम, जमुई, बिहार) की गरिमामय उपस्थिति एवं सानिध्य प्राप्त हो रहा है।संत रणजीत साहेब अपने ओजस्वी प्रवचनों और संतवाणी के माध्यम से श्रद्धालुओं को कबीर साहेब की शिक्षाओं से अवगत कराएंगे। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और दूर-दूर से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अमृतवाणी का लाभ लेने की अपील कबीर अनुयायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भागचंद पटेल, आचार्य डब्बल गुरू, छोटेलाल, जय कुमार, कलीराम चौधरी, मनीष पटेल एवं सुमित पटेल ने की है।आयोजकों ने बताया कि दो दिवसीय इस संतवाणी कार्यक्रम के माध्यम से समाज में भाईचारा, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

# सूरतलाई में सुदामा चरित्र प्रसंग को सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**नवभारत, बेलखाड़ू।** भागवत कथा में सुदामा चरित्र मित्रता, त्याग और निस्वार्थ भक्ति का सर्वोच्च प्रतीक है। श्री कृष्ण-सुदामा की अटूट सखा भावना, सुदामा द्वारा बिना याचना के चने का भोग और कृष्ण द्वारा द्वारकाधीश होकर भी मित्र का सिंहासन पर सम्मान करना, प्रेम व निष्कलंक भाव का संदेश देता है ।

एक ओर भाव का महत्व पर वैभव का नहीं। सुदामा दरिद्र थे, लेकिन उनके पास प्रेम और संतोष था। भगवान कृष्ण ने दिखाया कि वे धन-दौलत के नहीं, बल्कि निष्कलंक भाव के भूखे होते हैं । सुदामा चरित्र की मीमांसा करते हुए व्यास पीठ सुश्री प्रियंका गौतम श्रीधाम वृंदावन ने सुदामा चरित्र प्रसंग पर खेरमाई मंदिर स्थल सूरतलाई में जारी संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह दौरान सुनाई। इस दौरान श्रोतागण भाव-विभोर हो गए। भागवत कथा में आस पास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रोताओं की उपस्थिति रही।





# मुनाफे का लालच देकर ऐंठे 83 लाख, जालसाज ने कईयों को लगाया चूना




**नवभारत, जबलपुर।** बिजनेस में इनवेस्ट करने पर मुनाफा दिलाने और टाल खोलने के नाम पर कमाई का लालच देकर जालसाज ने कईयों को ठगी का शिकार बनाया। 83 लाख 31 हजार रूपए ऐंठे है । गढ़ा पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस ने बताया कि संस्कार जैन 28 वर्ष निवासी छोटा जैन मंदिर के सामने थाना गढा ने लिखित शिकायत की कि लकड़ी के टाल का काम करता है उसकी लकडी की टाल गंगासागर में अरिहन्त टिम्बर नाम से है। शुभम गुप्ता निवासी भारत कालोनी कोचिंग चलाता था जिस कारण उससे जान पहचान थी। शुभम गुप्ता ने उससे बोला कि टाल खोलना है तुम चाहो तो मेरी टाल में इनवेस्ट कर दो, मुनाफे में तुमको आधा हिस्सा दे दूँगा तो वे मान गया। शुभम बोला कि अपने किसी परिचित को भी टाल में हिस्सेदार बनाना चाहो तो बना लो तब उसने अपने दोस्त आशीष जैन निवासी पुरवा जैन मंदिर के पास थाना गढा को बोला तो वह भी हिस्सेदार बनने तैयार हो गया तब शुभम गुप्ता ने मौखिक रुप से तीनों को बराबर का हिस्सेदार बनाकर टाल खोलने कहा उसने और आशीष ने शुभम गुप्ता के धोखे में आकर आनलाइन यूपीआई, आई एमपीएस, आरटी जी एस व नगद के माध्यम से करीब 70 लाख रुपये शुभम गुप्ता को दिये। शुभम गुप्ता ने उसके दो क्रेडिट कार्ड भी लिये थे जिनसे भी पेमेन्ट (राशि) प्राप्त की थी। दोस्त आशीष जैन ने भी अपने खाते से शुभम गुप्ता को काफी रुपये दिये थे। इस प्रकार कुल करीब 70 लाख रुपये की राशि शुभम ने टाल खोलने के नाम पर प्राप्त की थी। इसके बाद शुभम कभी जमीन खरीदने के कागजात कभी टाल खोलने के लिये कागजात दिखाता रहा।

### इन्हें भी लगाया चूना

पीड़ित ने बताया कि शुभम ने उसके अलावा अन्य भी कई लोगों से भी धोखाधड़ी कर रुपये हड़पे है जिनमें रंजीत बग्गा निवासी ग्वारीघाट नर्मदा नगर जो बुलेट जोन के नाम से शारदा चौक में दुकान चलाते है उससे भी बिजनेस में इनवेस्ट करने पर मुनाफा दिलाने के नाम पर करीब 6 लाख रुपये प्राप्त किये है। इसी प्रकार देवांग भेडा निवासी भारत कालोनी से शेयर मार्केट में ट्रेडिंग में इनवेस्ट करने के नाम पर धोखाधड़ी कर करीब 5 लाख रुपये प्राप्त किये गये। इसी प्रकार सुषमा पाठक को उनके किसी जान पहचान के मोहनीश शर्मा के द्वारा बताने पर शुभम गुप्ता को बिजनेस के नाम पर 2 लाख 31 हजार रुपये दे दिये। शुभम गुप्ता काफी शातिर किस्म का व्यक्ति है जो धोखाधड़ी कर रुपये प्राप्त किया है और वापस नही कर रहा है।

# पुलिसकर्मी के सूने घर को चोरों ने बनाया निशाना

▶ लाखों के जेवरात सहित नकदी कर दी पार

**जबलपुर।** चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वे पुलिसकर्मियों के घरों को भी नहीं बख्श रहे हैं। बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी क्षेत्र में रहने वाले आरक्षक के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी अनुसार आरक्षक मनोज कुमार झारिया वर्तमान में सालीवाड़ा स्थित ई-22 सिग्मा कान्हा कॉलोनी में रहते हैं, अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने मंडला गए था। जब आरक्षक घर पहुंचा तो देखा कि गेट का छात्रा और अलमारी का ताला टूटा था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सोने चांदी के जेवरात, नकदी 25,000 रुपये गायब थे। बरेला पुलिस ने मनोज कुमार झारिया की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों और संदिग्धों की तलाश कर रही है।

### यहां दो घरों के टूटे ताले

रांझी एवं शहपुरा में भी चोरों ने दो सूने घरों पर धावा बोलते हुए जेवरात पार कर दिए। रांझी पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती निवासी जयकिशन खरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मां की तबीयत खराब होने के कारण वे आगा चौक स्थित अस्पताल में भर्ती थीं। पूरा परिवार पत्नी और बच्चों अस्पताल में ही रुक रहा था। जब वे घर वापस लौटे, तो मेन गेट और अंदर रखी अलमारी के ताले टूटे हुए थे जेवरात गायब थे। इसी प्रकार शहपुरा थाने में मनोहर सिंह परिहार निवासी नर्मदा कालोनी शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि मां के शांत हो जाने पर घर में ताला लगाकरसपरिवार कूडाकला बेलखेडा गये थे चोरों ने घर का ताला तोड़कर जेवरात पार कर दिए।

# विद्यालय के आसपास न हों मादक पदार्थों की दुकानें

▶ समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीएमश्री विद्यालयों के प्रबंधन एवं क्रियान्वयन के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी व संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पीएमश्री विद्यालयों का क्रमबद्ध क्रियान्वयन हो और इसमें जो भी आवश्यकताएं हैं उनकी पूर्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय के आस-पास मादक पदार्थों से संबंधित दुकान न हों, विद्यालय में फर्नीचर व किचन व्यवस्था अच्छी हो, विद्यार्थियों के लिए खेल मैदान व उनके नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होता रहे। उन्होंने टिंकरिंग लैब, विद्यालयीन स्टाफ व विद्यार्थियों की आईडी, रचनात्मक रूप से सीखने के लिए की जा रही गतिविधियां, गणित एवं विज्ञान सर्कल, टीचर लर्निंग मटेरियल, खेल गतिविधियां, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, विशेषज्ञ वार्ता, व्यवसायिक प्रयोगशाला, हरित विद्यालय, विद्यालयीन अभिलेख संधारण, परीक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था व फायर सेफ्टी, पेयजल, पानी की टंकियों की सफाई आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

# विशेष अदालत ने लोकायुक्त की खात्मा रिपोर्ट की निरस्त

**जबलपुर।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मनीष सिंह ठाकुर की अदालत ने विशेष स्थापना पुलिस लोकायुक्त द्वारा पेश खात्मा रिपोर्ट को अनुचित पाते हुए निरस्त कर दी। मामला सुरेश कुमरे उप संचालक मप्र कृषि विपणन बोर्ड आंचलिक कार्यालय जबलपुर पर भ्रष्टाचार के आरोप से संबंधित था। अभियोजन के अनुसार 1994 में कुमरे की नियुक्ति रीवा में शिक्षक वर्ग-तीन के पद पर हुई थी, उनके विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत मिली। जिस पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# शादी से लौट रही महिला से 7 लाख का हार लूटने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**जबलपुर।** माढ़ोताल अंतर्गत कटंगी रोड पर महिला से सरेराह सोने का हार छीनने की वारदात का आज पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 7 लाख रुपये कीमत का 5 तोला वजनी हार और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार यादव कॉलोनी लार्डगंज निवासी 53 वर्षीय श्रीमती मीना सोनी 9 फरवरी 2026 की रात भोपाल में अपने देवर की बेटी की शादी से लौट रही थीं। रात करीब 8 बजे जब वह बस से उतरकर बजरंग नगर स्थित अपने देवर के



घर जा रही थीं, तभी टीवीएस शोरूम के पीछे वाली सड़क पर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उनका रास्ता रोका। पीछे बैठे नीले जैकेट पहने युवक ने महिला के गले से झपट्टा मारकर 5 तोले का सोने का हार छीन लिया और चुंगी की तरफ फरार हो गए थे।

### सीसीटीवी की मदद से दबोचे गए आरोपी

पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान की। पुलिस ने दीनदयाल बस स्टैंड के पास दबिश देकर प्रिंस हल्दकार और तनिष्क कोरी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने लूट की वारदात कबूल की। आरोपी तनिष्क कोरी की निशानदेही पर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 9134 के टूल बॉक्स में छिपाकर रखा गया करीब 5 तोला वजनी हार बरामद कर लिया गया। जब्त मशरूका की कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# खाना बनाने में देरी होने पर शराबी पति ने पत्नी और बेटी को पीटा, मामला दर्ज

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत बेलखाडू के ग्राम रमखिरिया में खाना देरी से बनने की बात पर शराबी पति ने अपनी पत्नी और मासूम बेटी पर जलती हुई लकड़ी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार आरती चौधरी (36) पति हरछठ चौधरी घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी। उस समय घर पर उनकी बेटी माही और जेठानी पूजा चौधरी भी मौजूद थीं। इसी दौरान आरती का पति हरछठ चौधरी शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा और खाना बनने में देरी होने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब आरती ने विरोध किया, तो आरोपी हरछठ ने चूल्हे से जलती हुई लकड़ी निकाली और आरती के बाएं हाथ की कलाई और दाहिने पैर की जांघ पर दे मारी। माँ को पिटता देख जब बेटी माही बीच-बचाव करने आई, तो आरोपी ने उसी जलती लकड़ी से अपनी बेटी पर भी हमला कर दिया, जिससे उसके पैर में चोट आई है। जब जेठानी पूजा चौधरी बीच-बचाव करने पहुँची, तो आरोपी ने पत्नी को धमकी दी कि अगर अगली बार समय पर खाना नहीं बना, तो जान से खत्म कर दूँगा और मौके से भाग निकला।

# मासूम को पीटने से रोका तो जेल से छूटे बदमाश ने महिला को धमकाया

**जबलपुर।** सुप्तेश्वर गणेश मंदिर के पास एक मासूम बच्चे को बेरहमी से पीटे जाने का विरोध करना एक महिला अधिवक्ता को भारी पड़ गया। आरोपी महिला और जेल से छूटे उसके साथी ने न केवल अधिवक्ता से अभद्रता की, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रतननगर निवासी अधिवक्ता अर्चना उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि वे कोर्ट से लौटकर सुप्तेश्वर गणेश मंदिर दर्शन करने गई थीं। मंदिर के मुख्य गेट के पास उन्होंने देखा कि एक युवती 5-6 साल के बच्चे को डंडे से बुरी तरह पीट रही है। जब अधिवक्ता ने मानवता के नाते बीच-बचाव कर बच्चे को मारने से मना किया, तो युवती भड़क गई। युवती ने विवाद करते हुए अधिवक्ता अभद्रता शुरू कर दी। इसी दौरान उसके साथ मौजूद एक युवक ने अधिवक्ता का हाथ पकड़ लिया और धमकाते हुए कहा, मैं अभी जेल से छूटकर आया हूँ, मैंने पहले भी एक वकील को चाकू मारा है, तुझे भी चाकू मार दूंगा।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर धूमिल की छवि

पीड़िता ने बताया कि किसी तरह वह बच्चे को लेकर मंदिर के अंदर चली गईं। बाद में उन्हें पता चला कि आरोपी महिला ने घटना का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाल दिया है, जिसमें वह अधिवक्ता से माफी मंगवाने जैसी बातें कर रही है। गढ़ा थाना पुलिस ने अर्चना उपाध्याय की शिकायत पर आरोपी प्रियंका दुबे निवासी इंदिरा बस्ती और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और इंस्टाग्राम वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# 5 घंटे कॉम्बिंग गश्त में चली वारंटियों की धरपकड़

**नवभारत, जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने पांच घंटे कॉम्बिंग गश्त कर वारंटियों की धरपकड़ की। इस दौरान कई वर्षों से फरार 141 गैर म्यादी वारिटयों एवं 100 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए।

106 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें



बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।